कार्यालय, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड।

संथाल परगना प्रमंडल, दुमका के अन्तर्गत राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन0सी0टी0ई0) से मान्यता प्राप्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) जसीडीह, देवघर में दो वर्षीय प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (डी0एल0एड0) सत्र 2026–28 में विद्यार्थियों (छात्र/छात्रा) के नामांकन हेतु विज्ञापन :–

विज्ञप्ति सं0–01/2026

निदेशक, झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची के आदेश ज्ञापांक 421 दिनांक 16.02.2026 के अनुसार राज्य के प्रत्येक प्रमंडल में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मात्र तीन सत्रों में 50 की संख्या में विद्यार्थियों का गैर आवासीय **प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा कोर्स (D.El.Ed) प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही विभागीय संकल्प संख्या 1382 दिनांक 20.05.2004, संकल्प संख्या 236 दिनांक 25.01.2006 एवं समय–समय पर निर्गत आदेश/निदेश के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है।**

आयुक्त एवं सचिव, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1382 दिनांक 20.05.2004, सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–236 दिनांक 25.01.2006 एवं विभागीय संकल्प संख्या 2102 दिनांक 28.07.2004, संकल्प संख्या 236 दिनांक 25.01.2006, संकल्प संख्या 1386 दिनांक 03.08.2012, विभागीय पत्रांक 1684 दिनांक 17.09.2013 के अनुसार राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् **(N.C.T.E)** से मान्यता प्राप्त **जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान** (डायट) **जसीडीह, देवघर** में सत्र 2026–28 में **प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा कोर्स (D.El.Ed)** प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया पूरा करने के लिये क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका को विभाग द्वारा प्राधिकृत किया गया है।

उपरोक्त निदेश के आलोक में दिनांक 09.05.2026 को सम्पन्न चयन समिति की बैठक की कार्यवाही में लिये गये निर्णयानुसार संथाल परगना प्रमंडल अन्तर्गत **जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान** (डायट) **जसीडीह, देवघर में प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा कोर्स (D.El.Ed) सत्र 2026–28 में नामांकन हेतु उपलब्ध 50 सीट के विरूद्ध** विद्यार्थियों (छात्र/छात्राओं) से **ऑनलाईन (Online) माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, तद्नुसार योग्य पात्रता रखने वाले छात्र/छात्रा दिनांक 27.06.2026** तक **ऑनलाईन (Online) आवेदन** भर सकते है।

क्र0	डायट संस्थान का नाम	सीटो की संख्या
1	जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान (डायट) जसीडीह देवघर (छात्र/छात्राओं के लिये)	50

आवेदक क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका कार्यालय के अधिकृत बेबसाइड rddedumka.org के Homepage पर Apply online बटन पर Click कर Notice Board पर दिये गये दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए निर्धारित तिथि **27.06.2026** तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते हैं। ऑफलाईन अथवा निबंधित डाक द्वारा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे। दिशा–निर्देश बेबसाइड के नोटिस बोर्ड से डाउनलोड कर देखा जा सकता है। इस विज्ञापन के आलोक में विद्यार्थियों के नामांकन से संबंधित सभी सूचनाएँ वेबसाइड के Notice Board पर ही उपलब्ध होगी।

विज्ञप्ति प्रकाशित होने के पश्चात् यदि विभाग द्वारा किसी प्रकार का आदेश/निदेश प्राप्त होता है तो उस स्थिति में नामांकन हेतु चयन की सारी प्रक्रिया उस आदेश से प्रभावित होगा। इसके लिए अधोहस्ताक्षरी को सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।

6/6/26

(डॉ0 दुर्गा नन्द झा)
क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक
संथाल परगना प्रमंडल, दुमका।